# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के समग्र प्रदर्शन में कौनसा जिला पूरे राजस्थान में पहले स्थान पर पहुंच गया है।?**

(A) जयपुर
(B) चूरू
(C) उदयपुर
(D) इनमें से कोई नही

ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के समग्र प्रदर्शन में जयपुर जिला पूरे राजस्थान में पहले स्थान पर पहुंच गया है। कलेक्टर संदेश नायक की मॉनिटरिंग के चलते प्रति शिविर औसत कार्यों के आधार पर जयपुर ने यह उपलब्धि हासिल की।

- 12 जून से शुरू हुए शिविरों में 25 जून तक 198 शिविरों के माध्यम से करीब 20 लाख कार्यों का निस्तारण किया गया, जिससे 17.46 लाख से अधिक ग्रामीणों को सीधा लाभ मिला
- ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का आयोजन 12 जून 2026 से 15 जुलाई 2026 तक किया जा रहा है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## Yesterday Revision

**प्रश्न 01. 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन (एनसीईजी) का आयोजन कहाँ और कब होगा?**
**उत्तर: इसका आयोजन 1-2 जुलाई को जयपुर में होगा।**

**प्रश्न 02. 65वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुल कितने पदक जीते?**
**उत्तर: राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुल चार पदक (एक रजत और तीन कांस्य) जीते।**

**प्रश्न 03. यमुना जल परियोजना के लिए हाल ही में किन दो राज्यों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?**
**उत्तर: हरियाणा और राजस्थान ने।**

**प्रश्न 04. 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में कितने भामाशाहों को 'शिक्षा विभूषण' सम्मान से नवाजा गया?**
**उत्तर: 49 भामाशाहों को (कुल 154 में से)।**

**प्रश्न 05. सेरेंटिका रिन्यूएबल्स कंपनी राजस्थान में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में कितने रुपये का निवेश करेगी?**
**उत्तर: एक लाख करोड़ रुपये का।**

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जुत चुकी राजस्थानी-हिंदी फिल्म 'ओमलो' अब तीन जुलाई को वेव्स ओटीटी पर रिलीज होगी

(B) फिल्म' एक सात वर्षीय बच्चे और एक ऊंट के जीवन के माध्यम से संघर्ष, संवेदनाओं और सामाजिक सोच को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

पिछले 12 वर्षों में इस योजना के तहत राजस्थान में अब तक 3.84 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें 24 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है। जन-धन खातों की संख्या के मामले में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।

- उत्तर प्रदेश: लगभग 3.74 करोड़ खाते (प्रथम स्थान)
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY) भारत सरकार द्वारा 28 अगस्त 2014 को शुरू किया गया एक राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन है।
- इसका मुख्य उद्देश्य देश के हर परिवार को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना है, ताकि गरीब लोग भी आसानी से बचत, लोन, बीमा और पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकें

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राज्य में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करते समय आदिवासी समुदाय की अनूठी परंपराओं, रीति-रिवाजों और संस्कृति को इस कानून के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

(2)UCC हेतु गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई है

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार द्वारा जून 2026 में लिए गए कैबिनेट निर्णय और "द राजस्थान यूनिफॉर्म सिविल कोड, 2026" की घोषणा के अनुसार, राज्य में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करते समय आदिवासी (जनजातीय) समुदाय की अनूठी परंपराओं, रीति-रिवाजों और संस्कृति को इस कानून के दायरे से बाहर (सुरक्षित) रखा जाएगा।
- सरकार उन्हें पूर्ण रूप से संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करेगी ताकि उनके विशेष अधिकारों को कोई ठेस न पहुँचे।
'द राजस्थान यूनिफॉर्म सिविल कोड, 2026' (RUCC) का प्रारूप तैयार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई हैं।
राजस्थान की भजन लाल शर्मा सरकार द्वारा 22 जून 2026 को इस 5 सदस्यीय समिति की घोषणा की गई थी

03.छत्तीसगढ़ में आयोजित ईस्टर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने अंडर-19 वर्ग में कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- छत्तीसगढ़ में आयोजित ईस्टर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने अंडर-19 वर्ग का रजत पदक जीता।
- खिताबी मुकाबले में उन्हें दिल्ली के युशा नफीस के खिलाफ से हार का सामना करना पड़ा।
- सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश अकादमी के खिलाड़ियों ने रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित ईस्टर्न ग्रैंडस्लैम-2026 स्क्वैश चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया

## 04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान में 'महात्मा गांधी नरेगा' (MGNREGA) का स्वरूप बदल दिया गया है। 30 जून की रात से इसे 'भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (BB-GRMG) के नाम से जाना जाएगा।

(B) राजस्थान सरकार को इसके लिए ₹1200 करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा आवंटन प्राप्त हुआ है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में 'महात्मा गांधी नरेगा' (MGNREGA) का स्वरूप बदल दिया गया है। 30 जून की रात से इसे 'भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (BB-GRMG) के नाम से जाना जाएगा।
- राजस्थान सरकार को इसके लिए ₹1200 करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा आवंटन प्राप्त हुआ है और नए सिरे से 1.03 करोड़ जॉब कार्ड छापे जाएंगे।
- कार्य दिवसों में बढ़ोतरी: ग्रामीण परिवारों को अब 100 के बजाय 125 दिनों की गारंटीकृत मजदूरी मिलेगी
- योजना के वित्तीय ढांचे में केंद्र और राज्यों की भागीदारी का नया अनुपात (60:40) लागू किया गया है

05. जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन कवरेज के मामले में राजस्थान देश के 34 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में कौनसे स्थान पर है?

(A) 31वें

(B) 30वें

(C) 33वें

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ‘जल जीवन मिशन (JJM) ताज़ा रिपोर्ट
- रैंकिंग: जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन कवरेज के मामले में राजस्थान देश के 34 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 31वें स्थान पर है।
- डेटा: प्रदेश के 63.57 लाख (59.04%) परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है।
- टॉप जिला: हनुमानगढ़ (90.89%) कनेक्शन के साथ टॉप पर है, जबकि डूँगरपुर (32.60%) सबसे नीचे है।

जयपुर, सोमवार, 29 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-130

1. **किस** बांध परियोजना से राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित कुल 6 राज्यों को पानी मिलेगा?
(A) किशाऊ बांध परियोजना
(B) भाखड़ा नांगल बांध परियोजना
(C) सरदार सरोवर बांध परियोजना
(D) टिहरी बांध परियोजना

2. **मंत्रिमंडल** द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, राजस्थान में समान नागरिक संहिता लागू करते समय किस समुदाय के रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखा जाएगा और उन्हें संवैधानिक सुरक्षा मिलेगी?
(A) पारसी (B) जैन
(C) आदिवासी (D) अल्पसंख्यक

3. **हील** इन राजस्थान नीति-2025 के तहत चिकित्सा के साथ-साथ 'समग्र स्वास्थ्य लाभ' देने के लिए आधुनिक विज्ञान के साथ किन पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को जोड़ा जा रहा है?
(A) केवल आयुर्वेद और योग
(B) केवल आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी
(C) आयुर्वेद, योग, यूनानी और सिद्ध प्रणालियां
(D) केवल प्राकृतिक चिकित्सा

4. **हाल** ही में (25 जून, 2026 को) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकतंत्र सेनानियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन को 20 हजार रुपये से बढ़ाकर कितनी राशि प्रति माह करने की घोषणा की है?
(A) 22 हजार रुपये (B) 25 हजार रुपये
(C) 28 हजार रुपये (D) 30 हजार रुपये

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत डीडवाना-कुचामन जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) मार्बल एवं ग्रेनाईट के उत्पाद
(B) पान मैथी एवं मसाला प्रसंस्करण
(C) क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार पाउडर
(D) स्टोन आधारित उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. हरियाणा और राजस्थान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में यमुना जल परियोजना के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए एक समझौते पर कब हस्ताक्षर किए?**

(A) 25 जून को

(B) 29 जून को

(C) 26 जून को

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine